जप,तप व ध्यान की जानकारी दी

नोखा, (कासं)। नोखा में शनिवार को जोरावरपुरा तेरापंथ भवन में रात को आचार्य महाश्रमण की विदुषी शिष्या शासन साध्वी शशिरेखा का चातुर्मास संपन्न होने के उपलक्ष में मंगल भावना का कार्यक्रम रखा गया।

आचार्य महाश्रमण शासन साध्वी शशिरेखा का चातुर्मास जोरावरपुरा फरमाया था। साध्वी श्री जी ने चार महीने चातुर्मास काल में जोरावरपुरा में आध्यात्मिक जीवन जीने के अनेक ज्ञान, ध्यान, जप, तप के बारे में जानकारी देते हुए अपने चार महीने के समय के श्रावक श्राविका को प्रेरणा दी। चातुर्मास में सबसे बड़ी उपलब्धि ज्ञान शाला की रही।

ज्ञानशाला के छोटे छोटे बच्चों ने प्रतिक्रमण, कल्याण मंदिर, तेरापंथ प्रबोध, भक्तांबर आदि कंठस्थ किए। चातुर्मास में साध्वी श्री जी की प्रेरणा से चार महीने निरंतर रूप से ज्ञानशाला चलाई गई।

साध्वी श्री ने कहा कि बच्चे ही समाज का भविष्य है। आज के बच्चों में संस्कारों हो होना बहुत जरूरी है। मंगल भावना समारोह में सभी बच्चों को तेरापंथ सभा के सभी सदस्यों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महिला मंडल से सुमन बांठिया ने मंगलाचरण से की। ज्ञानशाला के बच्चों द्वारा बहुत ही रोचक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर मोहनलाल बुच्चा, सभा के अध्यक्ष बाबूलाल बुच्चा, सभा के मंत्री शांतिलाल बैद ने अपने भावों के साथ साध्वी श्री जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की ओर क्षमा याचना की।

हापासर, मेहराणा व खिलेरिया स्कूल में होंगे 1.41 करोड़ के काम

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने हापासर, मेहराणा और खिलेरिया के राजकीय विद्यालयों में शनिवार को 1 करोड़ 41 लाख 30 हजार रूपए की लागत से निर्मित होने वाले कक्षा कक्ष का शिलान्यास किया।

इस दौरान आयोजित समारोह में उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों को अच्छी शिक्षा से जोड़ने की अपील की। गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करवाने को लेकर प्रतिबद्ध है। शिक्षा सुविधाएं विकसित करने हेतु अतिरिक्त संवेदनशीलता से

- **तीनों विद्यालयों में तीन- तीन नये कक्षा कक्ष का शिलान्यास किया**

कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विभिन्न राजकीय विद्यालयों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने इन तीनों गांवों के राजकीय विद्यालयों में क्रमशः 47-47 लाख रूपए से अधिक के कार्य स्वीकृत होने पर ग्रामीणों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों को लगन के साथ सीखने का आव्हान किया।

उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित करें, सपने देखें और उन्हें पूरा करने में जुट जाएं। राज्य सरकार विद्यार्थियों और युवा पीढ़ी के हितों को लेकर रणनीतिक प्रयास कर रही है। अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, ई लाइब्रेरी,वाचनालय, आवश्यकतानुसार कक्षा कक्षों का निर्माण, रिक्त पदों पर स्टाफ की नियुक्ति जैसे कार्य सतत रूप से करवाए जा रहे हैं। गोदारा ने कहा कि हापासर, मेहराणा और खिलेरिया के राजकीय विद्यालयों में तीन- तीन नये कक्षा कक्ष का शिलान्यास किया गया है। इससे यहां के विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिल सकेगा।

विद्यालय प्रबंधन अपनी आवश्यकताओं से अवगत करवाएं। उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो, जिससे विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल भविष्य बन सके। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ें। वर्तमान युग में शिक्षा मनुष्य के सर्वांगीण विकास का मूल आधार है। ग्रामीणों ने इस दौरान मंत्री का अभिनंदन कर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में पंचायत समिति लूणकरणसर प्रधान कानाराम गोदारा, उप प्रधान कैलाश सारस्वत, पंचायत समिति सदस्य जितेन्द्र गोदारा, सरपंच बिशन नाथ सिद्ध, मुरारी बेनीवाल, राधेश्याम भादू , आदूराम मूंड, राकेश नायक, सोहनलाल गोदारा, राकेश कड़वासरा, हरिनारायण सारस्वत, सुरजाराम ज्याणी, अखराम गोदारा, मोहन ज्यानी, बीरबल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

हापासर विद्यालय में कक्षा कक्ष निर्माण के शिलान्यास समारोह को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने संबोधित किया।

वृद्धजन भ्रमण पथ का निरीक्षण

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने वृद्धजन भ्रमण पथ पार्क का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष तथा यूआईटी सचिव अपर्णा गुप्ता सहित दोनों विभागों के तकनीकी अधिकारी साथ थे। जिला कलेक्टर ने कहा कि वरिष्ठजन भ्रमण पथ पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इसके मद्देनजर इसमें सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं।

पार्क परिसर की साफ-सफाई चाक चौबंद रहे। रात के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो, जिससे वॉक करने वालों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। साथ ही पेड़ों पर आकर्षक लाइटिंग की जाए। बैठने के लिए आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त बैंचें लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्क की इंटरनल बाउंड्री में हुई टूट-फूट को अविलम्ब दुरुस्त करवाएं। बिजली के लटकते तारों को ठीक करवाने और अनावश्यक झाड़-झंखाड़ हटवाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि पार्क की एडवेंचर विंग को चालू किया जाए। इसके लिए एलओआई अथवा अन्य वैकल्पिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वॉकिंग ट्रैक के अंदर वाले पार्क को विभिन्न खेलों के लिए विकसित किया जाए। इसे मॉडल के रूप में तैयार करने का प्लान बनाने के निर्देश दिए। यह मैदान दिव्यांग फ्रेंडली हो इसके प्रयास किए जाएं। उन्होंने समूचे पार्क का अवलोकन किया। स्टोर का ताला खुलवाकर यहां रखे गए सामान को देखा।

सार-समाचार

साहित्यकार पुनीत रंगा सम्मानित

साहित्यकार पुनीत कुमार रंगा को अदबी उड़ान राष्ट्रीय बाल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थानी और हिन्दी के युवा साहित्यकार पुनीत कुमार रंगा को उनके उत्कृष्ट साहित्य संवहन एवं संवर्द्धन में अमूल्य योगदान देने के लिए 'अदबी उड़ान राष्ट्रीय बाल साहित्य पुरस्कार-2024' से आज उदयपुर स्थित साहित्य अकादमी के सभागार में अदबी उड़ान संस्था एवं साहित्य अकादमी उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक भव्य समारोह के तहत सम्मानित किया गया। आयोजक संस्था के संस्थापक खुर्शीद शेख ने बताया कि पुनीत कुमार रंगा को बतौर बाल साहित्यकार राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित करना संस्था के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि संस्था के राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि जर्नादन राय नागर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंग थे। न्य अतिथियों में समाजसेवी प्रेम भंडारी, शबीर के. मुस्तफा एवं वरिष्ठ साहित्यकारा किरण बाला थे। पुनीत कुमार रंगा को सम्मान स्वरूप माला, दुप्पटा, मेवाड़ी पाग, प्रतीक चिन्ह, श्रीफल, सम्मान पत्र एवं नगद राशि अर्पित कर अतिथिगणों द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में अपना उद्बोधन देते हुए मुख्य अतिथि कुलपति सारंग ने कहा कि संस्था द्वारा प्रति वर्ष राष्ट्रीय सम्मान प्रदत्त करना स्वस्थ परंपरा है। वहीं बाल साहित्यकार का सम्मान करना आज की महती जरूरत है ताकि इससे नई पीढ़ी प्रेरणा ले सकें। समारोह अध्यक्ष समाजसेवी मुस्तफा ने कहा कि साहित्य का सम्मान करना समाज का दायित्व है। विशिष्ट अतिथि प्रेम भंडारी एवं किरण बाला ने सभी राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत प्रतिभाओं की प्रशंसा करते हुए विशेष तौर से बाल साहित्य को रेखांकित किया।

उजाले उनकी यादों के गूंजे तराने

उजाले उनकी यादों में कार्यक्रम में संगीतकार चित्रगुप्त को पुण्यतिथि पर बीकानेर के गायक कलाकारों ने श्रद्धांजलि दी।

बीकानेर, (कासं)। अमन कला केन्द्र द्वारा शनिवार को टाउन हॉल में न्दिी सिनेमा के जाने-माने संगीतकार चित्रगुप्त की जयंती व संगीतकार रोशन की पुण्यतिथि के अवसर पर उजाले उनकी यादों के कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष एम. रफीक कादरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद मिढ़ा उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी थे। अध्यक्षता संयुक्त रूप से एन. डी. रंगा अध्यक्ष सखा संगम व नारायण बिहानी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहम्मद सदीक चौहान, एम.आर. मुगल, डॉ सी. एस. मोदी, डॉ प्रवीण चतुर्वेदी, डॉ दिनेश शर्मा, डॉ हिमांशु दाधीच, संजीव एंरन थे। अनवर अजमेरी ने बताया कि बीकानेर के जाने-माने गायक कलाकार सिराजुदीन खोखर, अहमद हारून कादरी, एम. रफीक कादरी, ख्वाजा हसन कादरी, अनवर अजमेरी, डॉ पी. के. सरीन, दीपक खत्री, सुमन पवार, दीप माला, राजेश अरोड़ा, दिव्यांशु अग्रवाल, डॉ प्रवीण चतुर्वेदी, डॉ दिनेश शर्मा, डॉ हिमांशु दाधीच, संजीव ऐरन, प्रवीण शर्मा ने गीत प्रस्तुत किए। संचालन एम. रफीक कादरी ने किया।

गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना शुरू

अनूपगढ़, (कासं)। राज्य सरकार ने पशुओं के गोबर से जैविक खाद बनाने और उसका इस्तेमाल करने वाले किसानों के लिए गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना शुरू की है। इसके तहत किसान को खेतों में वर्मी कम्पोस्ट यूनिट लगाने पर लागत का 50 प्रतिशत अनुदान या अधिकतम 10 हजार रूपए अनुदान दिया जायेगा। कृषि विभाग के सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी ने बताया कि इस योजना के तहत किसानों को अपने खेतों में वर्मी कम्पोस्ट यूनिट लगाने होंगे। इस योजना से रासायनिक खेती से बढ़ रहे दुष्प्रभावों को कम करने में मदद मिलेगी। वहीं मिट्टी का उपजाऊपन भी बढ़ेगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। कोई भी पात्र किसान ई-मित्र के जरिए आवेदन कर अधिकतम 10 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि प्राप्त कर सकता है। कृषि विभाग के सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी ने बताया कि किसान नजदीकी ई-मित्र पर जाकर या खुद राज किसान साथी पोर्टल पर इस योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत जिले में 200 किसानों को अनुदान देने का लक्ष्य है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देना और किसानों को उनके पशुओं के कचरे से जैविक खाद उत्पादन के लिए प्रेरित करना है। राजस्थान सरकार अब उन किसानों को वित्तीय सहायता देगी जो अपने पशुओं के कचरे से जैविक खाद उत्पादन करना चाहते हैं। योजना के तहत प्रत्येक ब्लॉक से 50 किसानों का चयन वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक किसान को अपने खेत में 20 फीट लम्बी, तीन फीट चौड़ी व ढाई फीट गहरी यूनिट बनानी होगी। जिले के प्रत्येक ब्लॉक में 50 किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके हिसाब से अनूपगढ़ जिले में 4 ब्लॉक में 200 किसानों को अनुदान दिया जाएगा। इनमें से सामान्य श्रेणी के 143, अनुसूचित जाति के 56 व अनुसूचित जनजाति के 1 किसान का चयन किया जाएगा।

डेंगू ने बढ़ाई गर्भवती महिलाओं के सेहत की चिंता

बीकानेर, (कासं)। डेंगू के बढ़ते मामलों ने गर्भवती महिलाओं और उनके बच्चों की सेहत को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इन दिनों शहर के पीबीएम, सैटेलाइट गंगाशहर और एसडीएम जिला हॉस्पिटल में रोजाना करीब 1000 गर्भवती महिलाएं डॉक्टर्स से परामर्श लेने पहुंच रही हैं।

चिंता इस बात की है कि इसमें 30 प्रतिशत महिलाएं बुखार और बदन दर्द से पीड़ित होती हैं। यह लक्षण गर्भवती महिलाओं के लिए चिंता का विषय हो सकता है। असल में डेंगू पॉजिटिव गर्भवती महिला के शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) हो सकती है, जो गर्भ में पल रहे बच्चे पर भी असर डाल सकता है। ऐसे कुछ केस आए भी हैं। हालांकि गर्भस्थ शिशु में डेंगू संक्रमण के कारण समस्याएं जैसे बर्थ डिफेक्ट या जन्म के समय समस्या का खतरा अपेक्षाकृत कम है। लेकिन यह गर्भवती महिला के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। खासकर अगर महिला को डेंगू की गंभीर अवस्था (डेंगू हेमोरेजिक फीवर या डेंगू शॉक सिंड्रोम)

- **डेंगू पॉजिटिव गर्भवती महिला के शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जो गर्भ में पल रहे बच्चे पर भी असर डाल सकता है**
- **तीस प्रतिशत गर्भवती बुखार-बदन दर्द से पीड़ित**

हो। उन्हें पर्याप्त आराम, तरल पदार्थों का सेवन और नियमित जांच की आवश्यकता होती है।

स्वास्थ्य विभाग ने खासकर गर्भवती महिलाओं को मच्छरों से बचने की सलाह दी है। मच्छरों को नियंत्रित करने के साथ-साथ बुखार के लक्षणों पर ध्यान देने और डॉक्टर की नियमित सलाह लेना बताया है। बता दें बीकानेर में पिछले 11 महीनों में एक हजार से अधिक डेंगू पॉजिटिव मरीज रिपोर्ट हो चुके हैं। यह आंकड़ा केवल सरकारी हॉस्पिटल में पहुंचने वाले मरीजों का है। निजी हॉस्पिटल के आंकड़ों को शामिल करें तो यह संख्या 10 हजार से अधिक हो सकती है। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अरूण भारती बताते हैं कि डेंगू वायरस फैलने के साथ ही ब्लड बैंक में ब्लड और प्लेटलेट्स लेने वालों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। पहले जहां रोजाना 25-30 यूनिट ब्लड और प्लेटलेट्स की सप्लाई होती थी। वहीं अब उसकी संख्या 50 से 60 हो चुकी है। पिछले तीन-चार दिनों में इसकी संख्या 80-90 तक पहुंच चुकी है। डॉ. भारती ने बताया कि कई बार गर्भवती महिलाओं को ऑपरेशन या प्रसव से पहले भी डॉक्टर की सलाह पर ब्लड या प्लेटलेट्स दी गई है।

डेंगू संक्रमित मरीज रोजाना मिल रहे हैं। अब तक करीब एक हजार पॉजिटिव मरीज मिल चुके हैं। अच्छी बात यह है कि डेंगू पॉजिटिव मरीजों की सूचना के बाद उनके घरों और आसपास हेल्थ डिपार्टमेंट सर्वे कर मच्छरों की रोकथाम के उपाय कर रहा है।

हजरत सैय्यद कमाल शाह का उर्स आज से

बीकानेर, (कासं)। हजरत सैय्यद कमाल शाह (बालक शाह पीर बाबा) का उर्स मुबारक रविवार से मदार चौक मोहल्ला चूनगरान में अकीदत के साथ मनाया जायेगा। पांच दिवसीय उर्स मुबारक के तहत कुरानखानी, मिलादखानी, तकरीर मनकबतखानी, देग के कार्यक्रम होंगे।

दरगाह इंतजामिया कमेटी के सदर हाजी अहमद हसन कादरी ने बताया कि उर्स का आगाज रविवार की शाम झंडे की रस्म से होगा। इस अवसर पर रात को सलातो सलाम पेश किया जायेगा। सोमवार की शाम चद्दरखानी की रस्म होगी। इसके अलावा और भी कार्यक्रम होंगे।

कादरी ने बताया कि मंगलवार को बड़े उर्स पर रेलवे वर्कशॉप मस्जिद के इमाम मौलाना इस्लामुद्दीन चिश्ती की तकरीर होगी। उर्स के दौरान न्यू युवा मीलाद पार्टी चुनगरान, दरगाह इंतजामिया मिलाद पार्टी, अलीमुद्दीन जामी मिलाद पार्टी शीतला गेट, रूहानी कलम पेश करेंगे। बुधवार की शाम कुल की रस्म के साथ उर्स मुबारक संपन्न होंगे।

75 हजार की नकदी व एक किलो चांदी चोरी

श्रीगंगानगर, (कासं)। मुखर्जीनगर के एक मकान के ताले तोड़कर नकदी और गहने चोरी होने की घटना सामने आई है। यह वारदात रात को होना बताया गया है। पीडित की ओर से कोतवाली में अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

हैड कांस्टेबल राकेश कुमार को जांच सौंपी गई है। सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध दिखाई दिए हैं। इनकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार इस संबंध में हरीश मेहता ने परिवाद दिया है। परिवादी के अनुसार वे अपनी पत्नी तथा बेटे-बहु के साथ जयपुर में दूसरे बेटे के पास एक सप्ताह पहले गए हुए थे। वापस सुबह लौटे तो देखा कि मकान के मुख्य द्वार से लेकर अंदर कमरों तक के ताले टूटे हुए थे। कमरे में रखी अलमारी को भी रॉड से तोड़कर खोला गया है। इसमें से 75 हजार रूपए नकदी, चांदी के 15 सिक्के और चांदी के 4 गिलास जिनका वजन एक किलोग्राम के करीब था, ये गायब थे। चोरी करके ले गए। पीडित ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटना स्थल का मौका निरीक्षण किया।

- **चोर मकान के ताले तोड़कर नकदी और गहने चोरी कर ले गए**

गली में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गए। इससे दो संदिग्ध युवक आधी रात को मकान में चोरी करके वापस लौटते दिखाई दिए हैं। उन्होंने चेहरे ढके हुए थे।

कीटनाशक खाने से मौत : श्रीगंगानगर में एक विवाहिता ने कीटनाशक का सेवन कर जान दे दी। मृतका के पिता की रिपोर्ट पर जवाहर नगर थाने में मर्ग दर्ज की गई है। इस मामले की मजिस्ट्रेट जांच की जा रही है। कार्यपालक मजिस्ट्रेट एसडीएम रणजीत कुमार की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस के अनुसार साधुवाली निवासी 19 वर्षीय कांता पत्नी राजेश की मृत्यु हो गई। उसे 27 अक्टूबर को कीटनाशक का सेवन कर लेने से गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन रूकी, लाभार्थी परेशान

बीकानेर, (कासं)। कांग्रेस सरकार के शासनकाल में राजस्थान राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा शुरू की गई वृद्धावस्था पेंशन योजना लगता है कि सरकार बदलने के बाद धीरे-धीरे हांफने लगी है। ऐसा देखने को मिल रहा है कि वृद्धजनों, दिव्यांगों, विधवा और किसानों को समय पर पेंशन नहीं दी जा रही है। इसके चलते पेंशनधारक चिंता में है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत दी जाने वाली पेंशन को लेकर सरकार की गंभीरता पर भी सवाल खड़े कर रही है। बीकानेर शहर कांग्रेस महासचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता राहुल जादुसंगत ने बताया कि पेंशन धारकों को गत सितम्बर और अक्टूबर

- **पेंशन धारकों को गत सितम्बर और अक्टूबर की पेंशन नहीं मिली**

माह की पेंशन ना मिलने से दिवाली पर वृद्धजनों की आस का दिवाला निकल गया। एक ओर सरकार ने पेंशन की राशि एक हजार में 150 रूपए बढ़ाकर 1150 रूपए माह कर दी। वहीं समय पर ना मिलने से जो चमक पेंशन बढने की थी, वह भी फीकी नजर आने लगी है। शहर कांग्रेस महासचिव राहुल जादुसंगत ने इस संबंध में मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि जरूरतमंद को समय पर आर्थिक सहायता मिलने से उनके दिन कट जाते हैं।

औषधालय में कमरे व हॉल का निर्माण 18 से

बीकानेर, (कासं)। श्री करणी मंडल औषधालय, देशनोक के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में संस्था के भवन के तृतीय तल पर नए कमरों और हॉल के निर्माण कार्य का शुभारंभ 18 नवम्बर को प्रातः 07:15 बजे किया जायेगा।

यह निर्माण कार्य औषधालय की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने और समाज की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस अवसर पर पूजन एवं निर्माण कार्य शुभारंभ समारोह आयोजित किया जायेगा। श्री करणी मंडल औषधालय पिछले 100 वर्षों से समाजसेवा के विभिन्न कार्यों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। यह संस्थान समाज के हर वर्ग की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है।

पिस्टल, दो मैगजीन और चार कारतूस सहित गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को पिस्टल, दो मैगजीन और चार कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

आरोपी के खिलाफ एसआई रामेश्वर लाल की ओर से आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच कोतवाल पृथ्वीपाल सिंह कर रहे हैं। गिरफ्तार व्यक्ति ने यह हथियार पंजाब से अपनी स्वयं की सुरक्षा के लिए एक लाख 10 हजार रूपए में खरीदे थे। पुलिस के अनुसार 30 जीजी व हाल बसंती चौक के निकट वास्तुदेव नगर निवासी 57 वर्षीय रमेश कुमार पुत्र मलूकचंद को पकड़ा गया है।

इस घटना के बाद आरोपी रमेश कुमार को खुद पर हमले की चिंता सताने लग गई। उसने स्वयं को फिरौती की धमकी के इस मामले के दो माह बाद श्यामनगर बस्ती से एक देसी पिस्तौल अपनी सुरक्षा के लिए खरीद किया था। लेकिन यह पिस्तौल चूनावढ़ पुलिस ने पकड़ लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जमानत पर छूटने के बाद उसने फिर हथियार खरीदने के लिए प्रयास शुरू कर दिए।

- **गिरफ्तार व्यक्ति ने ये हथियार पंजाब से स्वयं की सुरक्षा के लिए एक लाख 10 हजार रूपए में खरीदे थे**

आरोपी का मलोट में ससुराल है। उसको किसी से सूचना मिली कि मलोट में कोई व्यक्ति हथियार सप्लाई करता है। आरोपी ने उस तस्कर के नंबर जुटाकर उससे संपर्क किया और फिर एक लाख 10 हजार रूपए में यह पिस्टल, दो मैगजीन और चार कारतूस का सैट खरीद लाया। आरोपी के खिलाफ इन दो हथियार सहित पकड़े जाने के अलावा कोई आपराधिक मामला सामने नहीं आया है, जिससे इसने हथियार खरीद किया था। उसके बारे में जानकारी जुटा ली गई है। जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा। यह कार्रवाई गश्त के दौरान पानी वाली टंकी के निकट की गई।

भगवान महावीर की सवारी आज दादाबाड़ी से गाजे-बाजे से निकलेगी

बीकानेर, (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज आदि ठाणा 18 व साध्वी विजय प्रभा व प्रभंजनी आदि ठाणा 5 के सानिध्य रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में सिद्धाचल तीर्थ की भाव यात्रा भक्ति गीतों के साथ की गई।

सिद्धाचल भाव यात्रा के दौरान जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज की ओर से रचयित चौबीस जिन स्तुतियां लघु पुस्तक 'आनंद स्पर्श' का लोकार्पण जिनेश्वर युवक परिषद के मंत्री मनीष नाहटा ने किया।

जैनाचार्य महाराज की चातुर्मास के दौरान यह पांचवीं पुस्तक का लोकार्पण हुआ है। इससे पूर्व देव वंदन विधि 'आनंद प्रणम्य', सद्गति बीमा, आगम तप विधि 'आगम मंजूषा' और 'श्री पंच प्रतिक्रमण सूत्र' का लोकार्पण हुआ था। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज ने लोकार्पित पुस्तक की सम्पूर्ण स्तुतियों जो इस युगादि के प्रथम, जिनराज है महाराज है। महासंयमी तीर्थंकरों, गिरिराजे के सिताज है। साद अनंता सिद्धि दो, हे नाथ आदिश्वरा। पावन परम प्रभु पाद पद्मो, मैं सदा हो वंदना।। तथा सुख सिंधु भगवान आदि जिन के, अदभुत सानिध्य में। खरतर संवत सहस एक शुभतर, बीकानेर चौमास में। पुण्योदय पाया आनंद महोदय, कर दो 'पीयूष' वर्षणा..सहित अनेक भजन गाकर श्रावक-श्राविकाओं को भक्ति रस से सरोबार कर दिया। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर सिद्धाचल तीर्थ की भाव यात्रा के दौरान पांच चैत्य वंदन किया गया। भगवान महावीर की सवारी रविवार को सुबह साढ़े नौ बजे गंगाशहर रोड की पार्श्वचन्द्र सूरी दादाबाडी से गाजे बाजे से रवाना होकर विभिन्न जैन बाहुल्य मोहल्लों से होते हुए सुबह करीब दस बजे ढढ्ढा चौक पहुंचेगी।

जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर ने भक्ति गीतों के साथ सिद्धाचल तीर्थ भाव यात्रा में आनंद स्पर्श पुस्तिका का लोकार्पण किया।

- **सुगनजी महाराज के उपासरे में सिद्धाचल तीर्थ की भाव यात्रा भक्ति गीतों के साथ की गई।**

नई पीढ़ी को शोध की प्रेरणा देने के साथ रिसर्च की बारीकी बताई

बीकानेर,(कासं)। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में 'अप्लाइड फिजिक्स और मटेरियल साइंस में नवीनतम प्रवृत्तियां ' विषय पर हाइब्रिड मोड पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन आज मुख्य अतिथि प्रो. विवेक गुप्ता, विशिष्ट अथिति प्रो. आर. आर. देशमुख के सानिध्य में हुआ।

वरिष्ठ शोधकर्ताओं ने नई पीढ़ी को शोध की प्रेरणा देने के साथ रिसर्च की बारीकियां भी बताई। तकनीकी शिक्षा के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भौतिकी विषय के वैज्ञानिक समुदायों के बीच अंतर्राष्ट्रीय शोध सहयोग को बढ़ावा देने, दुनिया भर के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को जोड़ने का बीटीयू का यह नवाचार शोध-अनुसंधान के क्षेत्र में नवीन अवसर सृजित करेगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन ने शोध के व्यापक दृष्टिकोण को प्रोत्साहन करने के साथ शोधकर्ताओं और पेशेवर विशेषज्ञों के मध्य आपसी संवाद को बढ़ावा दिया। इस आयोजन ने प्रतिभागियों के लिए प्रमुख निष्कर्षों के बारे में चर्चा करने, नए विचारों का पता लगाने और शोध क्षेत्र के विश्व स्तरीय वरिष्ठ शोध विशेषज्ञों से जुड़ने के लिए एक असाधारण अवसर प्रदान किया।

आयोजन सचिव डॉ. सुधीर भारद्वाज ने बताया कि समारोह का प्रारंभ प्रो. अरूण बासिल, फ्लोरिडा, संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रोफेसर के ऑनलाइन आमंत्रित वक्ता के रूप में जुड़ने से प्रारंभ हुआ। आमंत्रित वक्ता प्रो. पवन कुल्हेरी, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रो. विनोद पूनिया, प्रो. अनामी भार्गव थे।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2024-25/101173 **लोक सूचना** दिनांक : 14.11.2024

श्रीमती अमिता पत्नी श्री महेन्द्र प्रताप निवासी वार्ड नं. 13, परशुराम नगर, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर एवं श्री मुकेश शैली पुत्र श्री प्रेम नाथ शैली निवासी सी-02 वीके सिटी, श्रीगंगानगर एवं श्री राम अवतार अग्रवाल पुत्र श्री राम कुमार अग्रवाल निवासी मकान नं. 1443 सेक्टर-16, खेरी कलां, 113 फरीदाबाद, हरियाणा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 4 ए छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्रीमती अमिता पत्नी श्री महेन्द्र प्रताप श्री मुकेश शैली पुत्र श्री प्रेम नाथ शैली श्री राम अवतार अग्रवाल पुत्र श्री राम कुमार अग्रवाल	चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 44 के किला नं. 6/2 में 0.0505 हैक्टे. किला नं. 7/1 में 0.0505 हैक्टे. किला नं. 8/5 में 0.0123 हैक्टे. किला नं. 13/3 में 0.0614 हैक्टे. किला नं. 14, 15 व 16 प्रत्येक में 0.253 हैक्टे. किला नं. 17/1 में 0.2308 हैक्टे. किला नं. 17/2 में 0.0222 हैक्टे. किला नं. 18/3 में 0.0614 हैक्टे. किला नं. 23/4 में 0.0553 है. किला नं. 24 में 0.228 है. किला नं. 25/1 में 0.1038 है. किला नं. 25/2 में 0.1232 है. यथाकुल 1.7584 हैक्टेयर	कुल 1.7584 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर- भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर- भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 14.11.2024 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर